WORLD AIDS DAY 2022

RRC Mollam 01 Dec, 2022

दिनांक 01 दिसंबर 2022 को राजकीय महाविद्यालय सराहां में राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना इकाई ने रेड रिबन क्लब के साथ मिलकर विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संदीप शर्मा सराहां बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात राजकीय महाविद्यालय सराहां के प्राचार्य श्री हेमंत कुमार द्वारा मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया गया। एड्स बीमारी पर जागरूकता के लिए एक वीडियो दिखाया गया और साथ में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में एड्स से जुड़ी जानकारियां दी तथा बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय सराहां से पुराना बस स्टैंड सराहां तक रैली निकालकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। इन तमाम कार्यों में राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना के स्वयंसेवीयों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।